क) क्या यह सत्य है कि अंडरपास पर बरसाती पानी की निकासी को संचालित करने के लिए पूर्णतः स्वचालित रिमोट कंट्रोल (मिंटो ब्रिज जैसी) पम्पिंग व्यवस्था भी किये जाने की सरकार की योजना है; और

ख) यदि हां, तो क्या इसमें आजादपुर फ्लाईओवर अंडरपास भी शामिल है?

**13. श्री पवन कुमार शर्मा लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पीछे व मालिक राम टण्डन रोड़ के सम्मुख खाली पड़ी ज़मीन का हस्तांतरण दिल्ली मेट्रो द्वारा किया गया है;

ख) यदि हाँ, तो कुल कितनी जमीन का हस्तांतरण किया गया है व कितनी समयावधि के लिए किया गया है;

ग) हस्तांतरण के पश्चात् कुल कितनी जमीन शेष बची



है, उसका क्षेत्रफल कितना है;

घ) हस्तांतरण के पश्चात् बची हुई जमीन की वर्तमान स्थिति क्या है; और

ङ) बची हुई शेष जमीन को लेकर क्या कोई अन्य प्रस्ताव आपेक्षित है?

**14. श्री सुरेन्द्र कुमार लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकलपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वजीराबाद रोड पर विभिन्न कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा किन–किन मदों के अन्तर्गत कितना–कितना फण्ड दिया गया है;

ख) क्या वजीराबाद मेन रोड पर डीटीसी नन्द नगरी डिपो के सामने फ्लाईओवर अथवा अण्डरपास बनाने की कोई योजना है; और

ग) यदि हॉ तो यह कार्य कब से आरम्भ होने की सम्भावना है और कब तक इसे पूरा कर लिया जायेगा?

**15. श्री. ऋतुराज गोविन्द लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या किराड़ी विधान सभा क्षेत्र में सुखी नहर (बाबा विद्यापति मार्ग) सड़क पर कोई रेलवे अंडर पास

बनाने की योजना है,

ख) यदि हां तो इसका पूर्ण विवरण दें, और

ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

16. **श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) आर.के. पुरम विधानसभा क्षेत्र में बेनिटो जुआरेज मार्ग पर अंडरपास के पूरा होने का अनुमानित समय क्या है;

ख) आरटीआर मार्ग फ्लाई ओवर के एलीवेटेड रोड के निर्माण के दौरान बसंत एनक्लेव की गिर गयी दीवार को विभाग कब तक पूर्ण रूप से बना लेगा;

ग) आरटीआर मार्ग पर निर्यात भवन, बसंत अर्पामेंट से लेकर बसंत गांव तक के पीडब्ल्युडी की जमीन पर पैदल चलने वालों, साईकिल सवारों और दुपहिया चालकों की सुविधा के लिए विभाग कब तक सर्विस रोड बनाएगा, पूर्ण विवरण दें;

घ) क्या यह सत्य है कि आरटीआर मार्ग पर बने फुटओवर ब्रिज पर पेड़ की एक शाखा गुजरने के कारण पुल का संचालन नहीं हो पा रहा है; और

ड.) विभाग कब तक इस शाखा को हटाकर पुल को चालू करेगा?



17. **श्री जरनैल सिंह** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार द्वारा पूरी दिल्ली में कुल कितने कोविड वैक्सीनेशन सेंटर चलाए जा रहे हैं;

ख) क्या यह सत्य है कि कई बार वैक्सीन की उपलब्धता न होने पर सेंटर पर वैक्सीन सेवा बंद रही;

ग) सेंटर पर वैक्सीन उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं; और

घ) किन सेंटर्स पर यह सेवा कब–कब बंद रही, इसका विवरण दिया जाए?

18. **श्री अजय महावर** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) सीएसआर और केन्द्र की योजनाओं को छोड़कर दिल्ली सरकार ने स्वयं अपने फण्ड से कितने नये आक्सीजन प्लान्ट लगाये हैं;

ख) पिछले सात सालों में दिल्ली सरकार ने कितने नये अस्पतालों का निर्माण किया है;

ग) दिल्ली सरकार द्वारा आयुष्मान योजना अभी तक लागू न करने के क्या कारण हैं;

घ) क्या यह सत्य है कि कोरोना काल में दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक्स में कोविड टेस्ट नहीं किये गए;

और

ड.) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

**19. श्री विशेष रवि** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मेरे द्वारा स्वास्थ्य मंत्री/विभाग के विभिन्न अधिकारियों को लिखे गए पत्रों क्रमशः दिनांक 10.10.20 संदर्भ 116065, दिनांक 05.11.2020 संदर्भ 116273, दिनांक 11.12.20 संदर्भ 116613, दिनांक 23.12.20 संदर्भ 116772, दिनांक 03.02.21 संदर्भ 118071, दिनांक 03.11.20 संदर्भ 116277, दिनांक 06.01.21 संदर्भ 116913, तथा दिनांक 06.01.21 संदर्भ 116916 पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

ख) उक्त पत्रों में अपेक्षित जानकारी के संबंध में अद्यतन स्थिति क्या है? पूर्ण विवरण दें।

**20. श्री अभय वर्मा** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में कितने ऑक्सीजन प्लांट लग चुके हैं और उनमें से कितने पर दिल्ली सरकार ने कितनी धनराशि खर्च की है;

ख) इन ऑक्सीजन प्लांट्स की कितनी क्षमता है; और

ग) कितने प्लांट्स पाइप लाइन में हैं और वे कब तक चालू हो जाएंगे?



**21. श्री संजीव झा** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में 18+ और 45+ आयुवर्ग के अंतर्गत कोरोना वेक्सीन की प्रतिदिन कितनी मांग है;

ख) इन दोनों आयुवर्गों में इस समय प्रतिदिन कितनी वेक्सीन लोगों को लगाई जा रही है;

ग) इन दोनों आयुवर्गों के लिए केंद्र सरकार द्वारा अभी तक दिल्ली सरकार को कितनी–कितनी वेक्सीन की संख्या उपलब्ध करवाई जा रही है;

घ) इसके अतिरिक्त दोनों आयुवर्ग में दिल्ली की कुल आबादी की कितने प्रतिशत जनसंख्या का पहली एवं दूसरी डोज के अनुसार टीकाकरण हो चुका है; और

ङ) दिल्ली सरकार के द्वारा दोनों आयुवर्ग के लोगों के लिए कितने टीकाकरण केंद्र शुरू किए गए हैं?

**22. श्री नरेश यादव** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि चार लाख से अधिक जनसंख्या वाले महरौली विधानसभा क्षेत्र में एक भी सरकारी अस्पताल नहीं है, और यहाँ केवल प्राइवेट अस्पताल ही हैं, जो आम जनता की पहुँचे से परे हैं;

ख) क्या महरौली में कोई सरकारी अस्पताल बनाया जा सकता है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि महरौली महिपालपुर रोड पर डीडीए का विशाल भू–खंड उपलब्ध है, जिसका उपयोग प्रस्तावित अस्पताल बनाने के लिए किया जा सकता है; और

घ) यदि हाँ, तो क्या सरकार इस संबंध में विचार करेगी?

**23. श्री अनिल कुमार बाजपेई** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद कितने अस्पतालों की नींव रखी गई और अब उनमें से कितने बनकर तैयार हो गए;

ख) दिल्ली सरकार की कितनी कैट एम्बुलेंस हैं और उनमें से कितनी चल रही हैं और कितनी खराब खड़ी हैं; और

ग) बाइक एम्बुलेंस कितनी हैं और पिछले दो सालों में उन्होंने कितने मरीजों को अस्पताल पहुंचाया?

**24. श्री अनिल कुमार बाजपेई** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में फरिश्ते योजना के तहत वर्षवार अब तक कितने मरीजों को अस्पताल पहुंचाया गया;

ख) उन मरीजों के इलाज पर सरकार ने कितनी धनराशि खर्च की;



ग) किस अस्पताल में सरकार की कितनी धनराशि खर्च हुई; और

घ) किस अस्पताल में कितने मरीज दाखिल हुए, पूर्ण विवरण दें?

**25. श्री अनिल कुमार बाजपेई** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में कितने वेंटिलेटर बेड और कितने आईसीयू बेड है; और

ख) दिल्ली में कोरोना की पहली लहर के बाद वेंटिलेटर बेड और आईसीयू बेड में कितनी बढ़ोतरी की गई है; अस्पतालवार विवरण दें?

**26. श्री रोहित मेहरोलिया** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि त्रिलोकपुरी विधान सभा के पास एक भी सरकारी अस्पताल नहीं है; और

ख) यदि हां तो इस समस्या को ध्यान में रखते हुए यह बताने की कृपा करें कि इसका कार्य कब तक शुरू किया जा सकेगा?

**27. श्री रघुविन्दर शौकीन** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक के पोटा केबिन

और रैंटेड क्लीनिक में लोक निर्माण विभाग के कार्य करने का कोई मैन्यूअल/वर्क आर्डर है, और

ख) यदि हां, तो उस आर्डर की कॉपी प्रदान की जाए?

**28. श्री ऋतुराज गोविन्द** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या किराड़ी विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार द्वारा कोई मल्टी सुपर स्पेशियल्टी अस्पताल खोलने की योजना है; और

ख) यदि हॉ तो इसका पूर्ण विवरण दें?

**29. श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) कोरोना की तीसरी लहर की रोकथाम और तैयारी के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

**30. श्री अजय महावर** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कितनें प्रिंसिपल, कितने वाइस प्रिंसिपल और कितने शिक्षकों की कमी है तथा इन पदों पर कब तक नियुक्तियां की जाएंगी,

ख) दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद कितने नए स्कूलों की नींव रखी गई है,



ग) इनमें से कितने स्कूलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और कितने स्कूलों का निर्माण कार्य जारी है, और

घ) विधान सभावार इन स्कूलों का ब्यौरा उपलब्ध कराएं?

**31. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय दयालपुर की हालत अत्यन्त जर्जर है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि घनी आबादी को देखते हुए यह विद्यालय दो पालियों में चलाया जा रहा है; और

ग) यदि हाँ, तो प्रत्येक पाली के बालक/बालिकाओं की कुल संख्या कितनी है;

घ) इस विद्यालय भवन का पुर्ननिर्माण न किए जाने के क्या कारण हैं; और

ड.) इस विद्यालय के भवन का पुर्ननिर्माण कब तक कर दिया जायेगा?

**32. श्री विशेष रवि** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मेरे द्वारा शिक्षा विभाग को लिखे गए पत्रों क्रमशः दिनांक 8.10.19 संदर्भ 113582, दिनांक 17.03.2021 संदर्भ 228875, दिनांक 16.02.21 संदर्भ 118177, दिनांक 11.11.20 संदर्भ 116412, दिनांक 16.02.21

संदर्भ 118172, दिनांक 17.03.21 संदर्भ 118868, दिनांक 16.04.21 संदर्भ 119175, दिनांक 20.06.21 संदर्भ 119422 तथा दिनांक 26.06.21 संदर्भ 119394 पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

ख) उक्त पत्रों में अपेक्षित जानकारी के संबंध में अद्यतन स्थिति क्या है? पूर्ण विवरण दें।

**33. श्री अभय वर्मा** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि गरीब बच्चों को सरकारी स्कूल का वजीफा पिछले 2 वर्षों से नहीं दिया गया;

ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) क्या यह भी सत्य है कि इन छात्रों को किताब, कॉपी और पेंसिल का वितरण भी नहीं किया गया है;

घ) क्या यह भी सत्य है कि हिन्दी माध्यम के गरीब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की किताबें देकर पढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है;

ड.) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

च) छात्रों को बस पास साल भर के बजाय सिर्फ नौ महीने के लिए दिए जाने के क्या कारण हैं?

**34. श्री अभय वर्मा** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः



क) दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पिछले 6 सालों में पढ़ने वाले बच्चों की हर साल की संख्या कितनी है; और

ख) इन स्कूलों में दसवीं और बारहवीं क्लास की बोर्ड की परीक्षा में बैठने वाले बच्चों की संख्या हर साल कितनी रही है, कृपया विवरण उपलब्ध कराएं?

**35. श्री नरेश यादव** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि प्राइवेट स्कूलों में सीट आवंटित होने के बाद भी बच्चों के माता–पिता स्कूलों के चक्कर लगाने को बाध्य होते हैं और कई बार उनके बच्चों को समय पर दाखिला भी नहीं मिल पाता;

ख) क्या इस संबंध में कोई केंद्रीकृत व्यवस्था की जा सकती है, जिसमें माता–पिता को स्कूल न जाना पड़े और बच्चों के दाखिले का कार्य ज़िलेवार 'सिंगल विंडो' व्यवस्था से किया जा सके; और

ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार इस संबंध में विचार करेगी?

**36. श्री ओम प्रकाश शर्मा** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली के पब्लिक स्कूलों में प्रवेश के लिए पिछले छः सालों में ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के कितने बच्चों ने आवेदन किया और कितने बच्चों का दाखिला हो सका;

ख) सरकार इन बच्चों की पढ़ाई के लिए पब्लिक स्कूलों को कितना भुगतान कर रही है; और

ग) पिछले छः सालों के दौरान किस–किस स्कूल को कितने बच्चों के लिए कितना भुगतान किया गया, कृपया जानकारी उपलब्ध कराएं?

**37. श्री सुरेन्द्र कुमार** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकलपुर विधान सभा में स्कूलों में क्या–क्या कार्य चल रहा है, वह कितनी लागत में होना है;

ख) अलग–अलग कार्यो का विवरण व कार्य एजेन्सी सहित पूर्ण विवरण दें;

ग) और कौन से कार्य पिछले तीन वर्षों में पूर्ण हुए हैं;

घ) कितनी परियोजनायें स्कूलों की प्रस्तावित है; और

च) समस्त स्कूलों में अलग–अलग जो कार्य किये गये हैं उनमें कितना–कितना, कब–कब किस संस्था को पेमेन्ट किया गया है, कृप्या विवरण उपलब्ध कराएं?

**38. श्री पवन कुमार शर्मा** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि सरकार की दिल्ली की सभी विधानसभाओं में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोलने की योजना है;



ख) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि इसके अंतर्गत सरकार द्वारा आदर्श नगर विधानसभा में दिल्ली मास्टर प्लान 2041 में स्कूलों के लिए जगह/जमीन की मांग दिल्ली विकास प्राधिकरण से की गई है; और

ग) यदि नहीं, तो क्या ऐसे किसी प्रस्ताव की योजना है?

**39. श्री रघुविन्दर शौकीन** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि नांगलोई स्थित सूरजमल स्टेडीयम को दिल्ली सरकार के अन्तर्गत लाने हेतु सम्बंधित विभाग (डायरेक्टोरेट ऑफ एजुकेशन–स्पोर्टस ब्रांच) द्वारा वर्ष 2016 में कार्य शुरू कर दिया गया था; और

ख) यदि हां, तो विगत वर्षों में विभाग द्वारा इस मामले को आगे बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं, इस संबंध में विभाग के द्वारा किए गए पत्राचार सहित पूर्ण विवरण उपलब्ध करायें?

**40. श्री सुरेन्द्र कुमार** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकलपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत दिल्ली सरकार के किन–किन स्कूलों में निर्माण कार्य चल रहे है;

ख) इन निर्माण कार्यों के कब तक पूरा होने की सम्भावना है;

ग) इन कार्यों पर कितनी–कितनी धनराशि खर्च होने का

अनुमान है; और

घ) वर्ष 2020–21 में किस–किस मद के अन्तर्गत कितनी–कितनी धनराशि का भुगतान किया जा चुका है?

**41. श्री ऋतुराज गोविन्द** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) किराड़ी विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार द्वारा कोई एक्सीलेंस स्कूल खोलने की योजना हैं;

ख) यदि हां, तो इसका पूर्ण विवरण क्या है; और

ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

**42. श्री जरनैल सिंह** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) जिला विकास समिति का गठन किस उद्देश्य से किया गया है;

ख) जिला विकास समिति के क्या अधिकार हैं;

ग) जिला विकास समिति के सदस्यों का विवरण दिया जाए;

घ) पिछले 5 वर्षों में दिल्ली के अलग–अलग जिलों में जिला विकास समिति द्वारा की गई मीटिंग्स का विवरण दिया जाए; और



ङ) जिला विकास समिति के कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों/अधिकारियों व अन्य सुविधाओं का विवरण दिया जाए?

**43. श्री जरनैल सिंह** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) जिला न्यायाधीश कार्यालय द्वारा कौन से प्रमाण–पत्र जारी किए जाते हैं;

ख) जन्म प्रमाण–पत्र बनाने की क्या प्रक्रिया है, इसमें कौन–कौन से दस्तावेज़ आवश्यक हैं, तथा इन दस्तावेजों का सत्यापन किसके द्वारा किया जाता है;

ग) सत्यापन होने के बाद कितने दिन के भीतर प्रमाण–पत्र जारी किया जाता है;

घ) पश्चिमी जिला में जनवरी 2016 से मई 2021 तक कितने जन्म प्रमाण पत्र बने हैं;

ङ) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2018 में पश्चिमी जिला न्यायाधीश कार्यालय से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी जन्म प्रमाण–पत्र जारी किए जाने के मामले सामने आए हैं; और

च) यदि हाँ, तो ऐसे मामलों में दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाही की गई?

**44. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) करावल नगर विधान सभा के अन्तर्गत कुल कितने गाँव है;

ख) क्या यह सत्य है कि गाँव के लोग एक गाँव से दूसरे गाँव चेक रोड के माध्यम से जाते थे;

ग) यदि हाँ, तो क्या यह भी सत्य है कि दयालपुर गाँव से तुकमीरपुर गाँव तक जाने के लिए एक चेक रोड बनी हुई थी;

घ) यदि हाँ तो यह कितने गट्टे की रोड थी, बताने की कृपा करें;

ड.) क्या यह भी सत्य है कि किसानों द्वारा इस चेक रोड को बेच दिया गया अथवा अतिक्रमण कर दिया गया; और

च) यदि हां, तो इस चेक रोड की निशानदेही करके इसे कब तक खाली करवा लिया जाएगा?

**45. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली के अंतर्गत अनेक धर्मों के लोग निवास करते हैं तथा वह अपने धर्मानुसार पूजा अर्चना करते हैं;

ख) यदि हॉ, तो यह भी सत्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा कुछ धर्म के लोगों को वेतन/मानदेय दिया जा रहा है;



ग) यदि हॉ तो गुरूद्वारा, मंदिर, गिरिजाघर के पुजारी तथा सेवकों को वेतन न दिए जाने के क्या कारण है,

घ) क्या दिल्ली सरकार द्वारा इन्हें भी वेतन/मानदेय देने की कोई योजना है; और

ड.) यदि हॉ तो कब तक और यदि नही ंतो क्यों नहीं?

**46. श्री विशेष रवि** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मेरे द्वारा डी.एम. सेंट्रल को क्षतिपूर्ति के मामलों में संदर्भ संख्या 118110/9/2/2021, 116840/28/12/2020, 118490/24/02/2021, 116316/10/11/2020, 116115/20/10/2020, 116692/16/13/20. के लिखे गए पत्रों पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

ख) उक्त पत्रों में पूछे गए क्षतिपूर्ति मामलों की वर्तमान स्थिति क्या है?

**47. श्री धर्मपाल लाकड़ा** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में डीडीए द्वारा 89 गांवों को शहरीकृत घोषित किये जाने के बाद कोई विकास कार्य नहीं हुआ है;

ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) क्या यह भी सत्य है कि इन गांवों में किसी की मृत्यु हो जाने पर उसकी जमीन–जायदाद उसके उतराधिकारियों के नाम करने में बहुत दिक्कत आती है; और

घ) यदि हां, तो इस समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**48. सुश्री भावना गौड** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) राजस्व विभाग द्वारा पालम विधान सभा के अंतर्गत भिन्न–भिन्न श्रेणियों में 2015 से लेकर अब तक कितनी रजिस्ट्रियां की गयी है, उसका पूर्ण विवरण दे,

ख) क्या यह सत्य है कि राजस्व विभाग द्वारा पालम विधान सभा में खसरा नंबर बदल–बदल कर रजिस्ट्रियां हुई है और हो रही है,

ग) यदि हां तो उसका पूरा विवरण दें,

घ) क्या पालम विधान सभा के अंतर्गत ग्राम सभा/सरकारी जमीनों पर लोगों द्वारा कब्जे कर निर्मित बिल्डिंग्स पर राजस्व विभाग द्वारा रजिस्ट्रियां की गयी हैं; और

ड.) यदि हां तो किस नियम के तहत की गयी है, उसका पूर्ण विवरण दें?

**49. सुश्री भावना गौड** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः



क) पालम विधान सभा में कुल कितनी ग्राम सभा/सरकारी जमीनें खाली हैं, इनका पते, खसरा का साईज सहित पूर्ण विवरण दें,

ख) खसरा नंबर 33/17/2 बीधा 1 विसवा 18 की वर्तमान स्थिति क्या है,

ग) खसरा नंबर 33/9/2 पालम गांव हरिजन बस्ती की वर्तमान स्थिति क्या है, और

घ) पालम गांव खसरा नंबर 32/6 की वर्तमान स्थिति क्या है?

**50. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा के अन्तर्गत लोगों के आने–जाने के लिए कई बसों के कई रूट निर्धारित किए गए थे;

ख) यदि हाँ, तो क्या यह भी सत्य है कि दो विधान सभाओं करावल नगर तथा मुस्तफाबाद में चलने वाली बसों के लिए करावल नगर में बस टर्मिनल का निर्माण किया गया था;

ग) यदि हाँ, तो क्या यह भी सत्य है कि बस टर्मिनल के अन्दर, मेन गेट पर कुछ लोगों द्वारा अनाधिकृत कब्जा कर मदर डेरी बूथ खोल दिया गया है;

घ) यदि हाँ, तो क्या इसके लिए सम्बन्धित विभागों से

स्वीकृति ली गई है; और

ड.) यदि हाँ, तो कौन से विभाग से और कब ली गई बताने की कृपा करें?

**51. श्री विशेष रवि** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मेरे द्वारा आयुक्त परिवहन को लिखे गए पत्र क्रमशः दिनांक 22.10.20, संदर्भ संख्या 114957, दिनांक 03.11.20 संदर्भ 116278, दिनांक 29.10.20 संदर्भ 116220 तथा दिनांक 31.08.20 संदर्भ 114979 पर क्या कार्रवाई की गई है; और

ख) उक्त पत्रों में पूछे गए मामलों की वर्तमान स्थिति का संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ।

**52. श्री नरेश यादव** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि महरौली बस डिपो, जो महरौली क्षेत्र का एक बड़ा डिपो है, वहाँ का बुनियादी ढाँचा बहुत पुराना हो गया है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि महरौली बस डिपो का बेहतर सुविधाओं के साथ विकास किया जाना आवश्यक है; और

ग) क्या इस डिपो के पुनर्विकास के लिए सरकार की कोई योजना है?



**53. श्रीमती प्रीति जितेंद्र तोमर** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या दिल्ली सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष में दिल्ली में नए बस क्यू शैल्टर बनाने की कोई योजना है;

ख) यदि हां, तो सरकार कितने बस क्यू शैल्टर बनाने जा रही है या बना दिये गये हैं, पूर्ण विवरण दें; और

ग) क्या सरकार की त्रिनगर विधान सभा क्षेत्र में भी नए बस क्यू शैल्टर बनाने की कोई योजना है?

**54. श्री ओम प्रकाश शर्मा** **परिवहन**

क्या माननीय परिहवन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली मेट्रो का तीसरा फेज कब पूरा होना था;

ख) क्या दिल्ली में मेट्रो का तीसरा फेज पूरा हो गया है; और

ग) दिल्ली में मेट्रो का चौथा फेज कब शुरू होना था और कब पूरा होने का टारगेट रखा गया था?

**55. श्री राजेश ऋषि** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है जनकपुरी विधान सभा में बने बस शेल्टर के साथ दो दो पक्की दुकानें बनी है;

ख) यह बस शेल्टर किस विभाग के अंतर्गत आते हैं,

ग) क्या यह भी सत्य है कि जनकपुरी में लगभग सभी पुराने बस शेल्टर टूट गए हैं;

घ) यदि हां, तो इन बस शेल्टरों को कौन सा विभाग बनाएगा, और

ड.) इन बस शेल्टरों के साथ बनी दुकानों का मालिकाना हक किस के पास है?

**56. श्री रघुविन्दर शौकीन** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार द्वारा कच्ची कॉलोनियों में लास्ट माईल कॉनेटिविटी के लिए मिनी बसों से नांगलोई विधान सभा के अंतर्गत लाभान्वित होने वाली कॉलोनियों की सूची उपलब्ध कराई जाए, और

ख) लास्ट माईल कॉनेटिविटी के लिए मिनी बसों को चलाने की क्या योजना है और कब तक समय निर्धारित किया गया है?

**57. श्री ऋतुराज गोविन्द** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) किराड़ी विधान सभा क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा डीटीसी की कितनी बसें चलाई जा रहीं हैं,

ख) इसका पूर्ण विवरण दें, और

ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?



**58. श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में डीटीसी बसों के वर्तमान बेड़े में कितनी बसें हैं;

ख) मौजूदा समय में दिल्ली में कितनी बसों की कमी है;

ग) इस कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं;

घ) कब तक सरकार इस कमी को पूरा कर पाएगी;

ड.) पिछले दस सालों में डीटीसी एसी, डीटीसी नॉन एसी, डीआईएमटीएस आदि में परिवर्धन का विवरण साझा करें; और

च) बसों की बंचिग रोकने के लिए विभाग द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**59. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **विकास**

क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार ने गांवों के विकास के लिए वर्ष 2020–21 और 2021–22 के दौरान कितनी राशि का प्रावधान किया है; और

ख) इन दो वर्षों में कितनी योजनाओं को मंजूरी दी गई है, विधान सभावार विवरण दें?

60. **श्री मोहन सिंह बिष्ट** **विकास**

क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) करावल नगर विधान सभा के अन्तर्गत कुल कितने गाँव आते हैं;

ख) क्या यह सत्य है कि पिछले कुछ वर्षों के अन्दर बहुत से गाँव में विकास कार्य न होने के कारण इन गाँव में मूलभूत सुविधाओं का आभाव है;

ग) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

घ) क्या सरकार द्वारा इन गाँवों के लिए कोई विकास योजना बनाई जा रही है;

ड.) यदि हाँ, तो उसका विवरण और यदि नही ंतो उसके कारण;

च) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा में विकास कार्य हेतु अनेक योजनाएं लंबित हैं; और

छ) यदि हां, तो इन्हें लंबित रखने के क्या कारण है और इन्हें कब तक स्वीकृति दे दी जाएगी?

61. **श्री धर्मपाल लाकड़ा** **विकास**

क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मुण्डका विधानसभा क्षेत्र में गांवों के विकास हेतु सरकार की क्या योजना है, पूर्ण विवरण दें; और

ख) मुख्यमंत्री पुनर्निर्माण सड़क योजना के तहत किये गए कार्यो का विवरण दें ?



62. **श्री जरनैल सिंह** **सिंचाई एवं बाढ़ नियत्रंण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियत्रंण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पश्चिमी दिल्ली से गुजर रही नजफगढ़ ड्रेन की साफ–सफाई से संबंधित विभाग द्वारा पिछले 5 वर्षों में किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण दिया जाए;

ख) भविष्य में नजफगढ़ ड्रेन के विकास से संबंधित यदि कोई योजना बनाई जा रही है तो उसका भी विवरण दिया जाए;

ग) क्या पिछले 5 वर्षों में विभाग को नजफगढ़ ड्रेन पर अनाधिकृत अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

घ) यदि हाँ तो उन पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई?

63. **श्री प्रकाश जारवाल** **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि देवली बाँध यू/एस की ओर आरसीसी बॉकस टाइप ड्रेन बनाने का कार्य मैसर्स वरुण गुप्ता एंड कंपनी, गवर्नमेंट कांट्रक्टर, ए–64/3, डीडीए फ्लैट, साकेत को दिनांक 14 सितंबर, 2016 को आबंटित किया गया था, जिसमें कार्य आरंभ करने

की नियत तिथि 23.09.2016 तथा कार्य समापत होने की नियत तिथि 20.05.17 दी गई थी;

ख) क्या यह सत्य है कि यह कार्य अभी तक भी पूरा नहीं हुआ है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि वर्ष 2018 में मुख्य अभियंता श्री ओ पी श्रीवास्तव ने इसका निरीक्षण किया था और यह पाया था कि कार्य न केवल अधूरा है बल्कि इसकी गुणवत्ता इतनी खराब है कि इसे आगे बढ़ाना संभव नहीं होगा;

घ) यदि हाँ, तो कांट्रेक्टर पर क्या कार्रवाई की गई है,

ङ) जब विभाग द्वारा यह पाया गया था कि इसे आगे बढ़ाना संभव नहीं है तो यह कार्य अभी भी इसी कांट्रेक्टर के पास क्यों है?

च) क्या विभाग और कांट्रेक्टर के बीच कोई मध्यस्थता हुई थी, यदि हाँ,

छ) इसका क्या परिणाम हुआ?

**64. श्री सुरेन्द्र कुमार — सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकलपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के नाले की सफाई के लिए कितने–कितने बजट का प्रावधान किया गया है;



ख) यह कार्य किस–किस एजेन्सी को दिया गया है; और

ग) अब तक इसमें मदवार कितना–कितना कार्य किया जा चुका है तथा इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं?

**65. श्री जय भगवान उपकार — उद्योग**

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बवाना औद्योगिक एरिया के विकास व उस क्षेत्र के लोगों के रोजगार के लिए पिछले 3 वर्षों में सरकार द्वारा क्या–क्या परियोजना लाई गई है, पूर्ण विवरण दें?

**66. श्री ऋतुराज गोविन्द — उद्योग**

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या किराड़ी विधान सभा क्षेत्र की सीमा पर स्थित रानी खेड़ा में दिल्ली सरकार के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र बनाने की योजना है; और

ख) यदि हॉ तो इसका पूर्ण विवरण दें?

**67. श्री रघुविन्दर शौकीन — रोजगार**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) नांगलोई विधान सभा में दिल्ली सरकार के जॉब पोर्टल से कुल कितने लोग लाभान्वित हुए हैं;

ख) क्या पोर्टल को अपग्रेड करने या कोई नई कैटेगरी डालने की सरकार की कोई योजना है; और

ग) कोई कंपनी या संस्था यदि नौकरी पाने वाले व्यक्ति से धोखा करती है तो उसके खिलाफ सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जाने का प्रावधान है?

**68. सुश्री भावना गौड़ गृह**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पालम विधानसभा में स्थित निजी हस्पताल, होटल, फैक्ट्री, बैंकेट हॉल एवं रेस्टोरेंट का पूर्ण विवरण दें;

ख) इन सभी के लिए अग्नि सुरक्षा मानक क्या हैं;

ग) क्या इन सभी को फायर सेफ्टी क्लियरेंस दिया गया है;

घ) यदि हाँ, तो उसका आधार क्या है;

ङ) पालम विधानसभा मे स्थित जिन भवनों को फायर विभाग द्वारा NOC / क्लियरेंस सर्टिफिकेट दिए गए हैं उन सभी का पूर्ण विवरण दें;

च) क्या यह सत्य है कि पालम विधानसभा के अन्तर्गत बहुत सारे नर्सिंग होम, अस्पताल, रेस्टोरेंट और बैंकेट हॉल बिना लाइसेंस/अनाधिकृत तरीके से चल रहे हैं; और

छ) यदि हां, तो इसके क्या कारण है?

**69. श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस प्रशासनिक सुधार**

क्या प्रशासनिक सुधार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः



क) डोर स्टेप डिलिवरी स्कीम पर विधवा / संकट ग्रस्त महिलाओं की पेंशन की सुविधा कब से दोबारा शुरू होगी?

**70. श्री जय भगवान उपकार परिहवन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2002 में दिल्ली मेट्रो रिठाला से कश्मीरी गेट तक चलाई गई थी जिसे आगे बरवाला गाँव तक जाना था;

ख) क्या दिल्ली मेट्रो के दूसरे, तीसरे, चौथे फेज के विस्तार का काम चालू हो गया है; और

ग) रिठाला से नरेला तक जो मेट्रो जानी है उसका काम कब तक चालू होगा?

**71. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाऊन विधानसभा क्षेत्र में कितने मौहल्ला क्लिनिक कार्य कर रहे हैं एवं इन मौहल्ला क्लिनिक के लिए दवाईयों की व्यवस्था कहां से की जाती है;

ख) मॉडल टाऊन विधानसभा क्षेत्र में कहां और कितने मौहल्ला क्लिनिक खोले जाने की योजना है, पूर्ण विवरण दें;

ग) मौहल्ला क्लिनिक के लिए कौन–कौन सा स्टाफ

उपलब्ध कराया जाता है, उनको कितना–कितना वेतन दिया जाता है;

घ) मौहल्ला क्लिनिकों में कौन–कौन सी जांच की जाती है;

ङ) क्या इन मोहल्ला क्लिनिकों की सुरक्षा के लिए गार्ड रखे गए हैं; और

च) यदि नहीं, तो इनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी किस पर है ?

**राज कुमार**
**सचिव**